राजस्व अपील संख्या 256/2023

अनवान
डूंगराराम वगैराह बनाम राज0 राज्य

20.07.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट के अधिवक्ता के द्वारा अपील बाबत की गई बहस को सुनने तथा अपील पत्रावली एवं अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, ओसियॉं के द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश कमांक कोर्ट/2021/ 2010 दिनांक 20.07.2022 अनवान सरकार बनाम ग्राम पंचायत नेवरा रोड का अवलोकन किया गया।

अधीनस्थ न्यायालय के द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश के विरूद्ध पूर्व में अन्य राजस्व अपील संख्या 195/2023 अनवान चुन्नीलाल वगैराह बनाम राज्य प्रस्तुत हुई थी जिसमें विचाराधीन अपील प्रकरण उल्लेखित खसरान भूमि के सम्बन्ध में भी वही अनुतोष चाहा गया था। उक्त अपील संख्या 195/2023 में दिनांक 17.07.2023 को निर्णित की जा चुकी है जिसमें ''उपखण्ड अधिकारी, ओसियॉं के द्वारा पारित निर्णय दिनांक 20.7.2022 को निरस्त करते हुए प्रकरण रिमाण्ड किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय को निर्देशित किया गया कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों की भविष्य में पालना सुनिश्चित की जावे। कोई भी पक्ष कदीमी रास्ते को बन्द नहीं करें।''

इस प्रकार उपरोक्त विचाराधीन अपील में भी न्यायालय हाजा के द्वारा पारित निर्णय दिनांक 17.07.2.203 लागू होता है जिसमें अब अलग से निर्णय पारित करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। अपीलान्ट की ओर से पेश अपील को उक्तानुसार इसी स्तर पर निस्तारण किया जाता है। पत्रावली बाद निस्तारण नम्बर से कम हो।

(ओ0पी0 बिश्नोई)
अतिरिक्त संभागीय आयुक्त,
जोधपुर